15052025-Mad-01_Layout 1 5/14/2025 11:59 PM Page 1


हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 मई 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


13 सुशासन में मिले आवेदनों का शत-प्रतिशत ...



14 लाहौद के समाधान शिविर से 1756 हितग्राही ...




## खबर संक्षेप

### सीएसपीडीसीएल कर्मचारियों ने शुरू की हड़ताल



**भाटापारा** | महीनों से नहीं मिला वेतन आर्थिक एवं मानसिक कठिनाईयों से जूझ रहे कर्मचारियो ने प्रदर्शन किया जारी । भाटापारा। सुहेला, हथबंद निपनिया जो कि भाटापारा डिवीजन के अंतर्गत आते हैं, वहां भाटापारा सीएसपीडीसीएल में लाईन वर्क करने वाले लगभग 22 कर्मचारियों ने कामबंद हड़ताल का आगाज किया। मेंटनेंस पानी-तूफान के समय खंभों पर चढ़कर बिजली का काम करने वाले ठेका पद्धति अंतर्गत वेतन जिन्हें मिलता है, उनको 3 महीनों से वेतन नहीं मिला, जिससे परिवार चलाने में आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किसी भी त्यौहार में बोनस नहीं मिलता तथा श्रम विभाग अंतर्गत आने वाली सुरक्षाओं का उपयोग भी इन कर्मचारियों के लिए नहीं किया जाता, इन्हीं सब मुद्दों को लेकर विद्युत विभाग डीई विरेंद्र कुमार राठिया को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चित कालीन कामबंद हड़ताल पर है।

### बकाया पैसा मांगने पर मजदूर से मारपीट

**महासमुंद।** बकाया पैसे मांगने पर नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में श्रमिक का काम करने वाले के साथ सुपरवाइजर ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी धनंजय रात्रे निवासी साराडीह ने बताया कि वह वर्तमान में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में मजदूरी का काम कर रहा है। उसका 17 दिन की मजदूरी का पैसा बकाया था, 13 मई को उसने मांगा तो सुपरवाइजर कुनाल बंजारे ने गाली गलौज कर पत्थर से सिर में मारकर चोट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बस स्टैंड स्थित ठेले से चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर के बस स्टैंड स्थित एक ठेले से चोरी का मामला सामने आया है। ठेला संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी अब्दुल जावेद पिता अब्दुल रज्जाक ने एफआईआर में बताया कि वह पानी टंकी के नीचे बस स्टैंड महासमुंद में ठेले का संचालन करता है। 9-10 मई की दरम्यानी रात को ठेले का ताला तोड़कर करीबन 9500, सिगरेट पॉकेट तथा गुटखा की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 334(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पेटी का ताला तोड़कर 30 हजार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम सोरम में घर में रखे पेटी का ताला तोड़कर एक युवक द्वारा 30 हजार रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है। खल्लारी पुलिस को दशोदा बाई पति लालजी कमार (60 साल) ने एफआईआर के दौरान बताया कि उसका भतीजा हरीश कमार जो जेठ का बड़े साले का लड़का है, वह ग्राम कर्पीदादर थाना छुरा जिला गरियाबंद का रहने वाला है और विगत 3 दिनों से उसके घर में रह रहा था। 7 मई की सुबह वह तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। वापस आने पर देखा कि कमरा में रखी पेटी का ताला टूटा हुआ था और जिसमें से आरोपी हरीश कमार पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे नगदी रकम 30000 रुपये को निकाल लिया और अपने मोटर सायकल पैशन प्रो सीजी 04 सी जेड 6861 को मेरे घर में छोड़कर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सुशासन तिहार 2025: शिकायत पर हुई कार्रवाई, शत-प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण

# सेल्समेन बर्खास्त, एक पटवारी और दो सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से निराकरण किया जा रहा है। शिकायत जांच के आधार पर संबंधितों पर कार्रवा की जा रही है। इसी क्रम में पीड़ीएस दुकान के सेल्समेन की शिकायत की गई थी, जिस पर सहकारिता विभाग द्वारा सेल्समेन को सेवा से बर्खास्त किया गया। राजस्व विभाग द्वारा शिकायत पर कार्यवाही करते हुए एक पटवारी को निलंबित एवं दूसरे को मुख्यालय में संलग्न किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 2 पंचायत सचिव को निलंबित किया गया एवं 3 सचिव का प्रभार बदला गया है।

जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान बिटकुली के विक्रेता मनोज श्रीवास्तव द्वारा दुकान नहीं खोलने व दुर्व्यवहार करने, खाद्यान्न की कमी तथा धान खरीदी केंद्र बिटकुली के प्रभार के दौरान 444 क्विंटल धान की कमी पायी गई। इस पर जवाबदेही तय करते हुए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा विक्रेता मनोज श्रीवास्तव को तत्काल सेवा से बर्खास्त किया गया है। इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान कोहरौद के विक्रेता ताराचंद रजक को विक्रेता के पद से हटाकर समिति कार्यालय में पदस्थ किया गया है और साधुराम यादव को पीडीएस दुकान कोहरौद का प्रभार दिया गया है।




### लेनदेन का मामला हुआ उजागर

तहसील टुण्डरा में पदस्थ पटवारी युगराजेश्वर साहू के विरुद्ध सोशल मीडिया में पैसे के लेनदेन का वीडियो वायरल होने की घटना पर जारी नोटिस का जवाब पटवारी द्वारा संतोषजनक नहीं दिया गया। इस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गिरौद द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियम 1966 के नियम 9 अनुसार पटवारी युगराजेश्वर साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय तहसील कार्यालय टुण्डरा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री साहू को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। इसी प्रकार तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर के पटवारी सुश्री विनीता सोनवानी के विरुद्ध समय से मुख्यालय नहीं आने एवं ग्रामवासियों से अच्छा व्यवहार नहीं करने की शिकायत की गई थी। शिकायत प्राप्त होने पर एसडीएम भाटापारा द्वारा उन्हें तहसील के कानूनगो शाखा में संलग्न किया गया और वहां का प्रभार पटवारी मनोज ध्रुव को दी गई है।

### निलंबितों को जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा

जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिया के सचिव बालाराम कुर्रे द्वारा सरपंच का प्रभार नहीं दिलाये जाने, नोटिस का जवाब नहीं देने तथा जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरकुटी के सचिव देवसिंह ठाकुर द्वारा कैश बुक अद्यतन नहीं करने, क्रय नियमों का पालन नहीं करने के कारण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दोनों सचिव को निलंबित कर दिया गया है। ग्राम पंचायत सेमरिया के सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल व ग्राम पंचायत कुरकुटी के सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय बलौदाबाजार निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। इसके साथ ही जनपद पंचायत पलारी के ग्राम पंचायत मोहगांव के सचिव को खपरी (भ ),खपरी (भ ) के सचिव को मोहान एवं जनपद पंचायत कार्यालय पलारी में संलग्न सचिव मुकेश दीवान को ग्राम पंचायत मोहगांव का प्रभार दिया गया है।

## सुशासन तिहार के शिविर स्टाल से अधिकारी रहे नदारत, आम नागरिक भटकते रहे



**सिमगा।** प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेशवासियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, किन्तु 13 मई को नगर पालिका परिषद सिमगा में आयोजित शिविर में बलौदाबाजार जिले के कतिपय नौकरशाहों द्वारा इस जनहित के महती आयोजन की अवहेलना करते हुए कुछ महत्वपूर्ण विभाग के स्टाल एवं अधिकारी नदारत रहे, तो कुछ स्थानीय अधिकारी विभागीय कामकाज का बहाना बनाकर एसी एवं कूलर के नीचे आराम फरमाते रहे। अब सवाल यह उठता है कि क्या विभागीय कामकाज जरुरी था या सुशासन तिहार का काम काज महत्वपूर्ण था। यह प्रशासनिक दृष्टिकोण से सोचनीय विषय है। दूसरी ओर निचले स्तर के कर्मचारी इस भीषण गर्मी में बिना कूलर एवं पंखा के खुले आसमान के नीचे मात्र टेंट के सहारे अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए देखे गए। नगर पालिका के सिमगा के संबंधित वार्डों क्रमशः किलापारा, महावीर वार्ड, शीतला पारा, इंदिरा गांधी वार्ड, महामाया वार्ड की दूरी अधिक होने के बावजूद शिविर स्थल स्वामी आत्मानन्द हायर सेकंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल को नियत किया गया था, जो आमजनता की पहुंच से बाहर था। शिविर स्थल में अव्यवस्था का आलम यह था कि कि चिलचिलाती धूप एवं गर्मी में खुले आसमान के नीचे आम जनता एवं कर्मचारियों के लिए लोकल टेंट लगाया गया था। जहां नहीं के बराबर उपस्थिति देखी गई।

- कुछ अधिकारी विभागीय कामकाज का बहाना बनाकर एसी एवं कूलर में आराम फरमाते रहे

आम जनता एवं कर्मचारी गर्मी एवं पसीने से बेहाल हो रहे थे। जिससे शिविर स्थल काफी सुनासुना एवं खाली लग रहा था। यही नहीं शिविर स्थल में लगे विभिन्न विभागों के सामने विभाग के नाम पट्टीका का उल्लेख नहीं किया गया था, जिससे कि आम नागरिकों को अपने कार्य के लिए भटकते हुए देखा गया। नगर पालिका परिषद सिमगा द्वारा सुशासन शिविर के सहायक नोडल अधिकारी पुष्कर नायक से मिली जानकारी के अनुसार जिला बलौदाबाजार के आबकारी विभाग, यातायात विभाग, खाद्य विभाग, खनिज विभाग, श्रम विभाग, मत्स्य विभाग एवं सहकारिता विभाग के स्टाल नहीं लगाए गए थे। इस बाबत नागरिकों का कहना है कि उक्त विभाग के प्रमुखों द्वारा सुशासन तिहार जैसे ▸▸ शेष पेज 13 पर

## शहरी हितग्राहियों के आवास का सपना हुआ पूरा

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार के तहत नगरीय निकायों में भी समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर पालिका परिषद बलौदाबाज़ार में आयोजित शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने आवास की चाबी, आवास योजना पात्रता प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र और राशन कार्ड वितरित किया। नगर पालिका परिषद बलौदाबाज़ार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी खिरोद भोई ने बताया कि समाधान शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा सतन सोनवानी को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत उनके आवास की चाबी प्रदान की गई। सतन सोनवानी ने राज्य शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आवास मिलने पर ख़ुशी जताई है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में उनका आवास का सपना पूरा हो गया है। इसी प्रकार जैन ने फोहरा बाई, कनेश्वर पुरीना, संतोष लहरे और सुषमा बंदे को आवास पात्रता प्रमाण पत्र, मीनाक्षी कुर्रे और पुरातन कांवर को राशन कार्ड तथा अमरदास बांधे, सेवती चंद्राकर हीरादास सोनवानी और पंच कुमार चंद्राकर को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान पार्षद राजू सलूजा, लोकेश कुमार, सतीश पटेल, जितेंद्र डड़सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



## रेत का अवैध परिवहन करते 2 हाईवा जब्त



**बलौदाबाजार।** जिला वनमण्डल के बल्दाकछार परिक्षेत्र अन्तर्गत रात्रि गश्त के दौरान वन विभाग की टीम द्वारा औराई बैरियर में 13 मई की रात्रि 11 बजे अवैध रूप से रेत से भरे हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 06 एचबी 5621 एवं सीजी 04 पीई 8012 को जब्त किया गया। जांच में रेत परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज वाहन चालकों के पास नहीं पाए जाने पर अवैध रेत परिवहन कर रहे वाहनों को नियमानुसार वन विभागीय अमले द्वारा जब्त किया गया। प्रकरण खनिज विभाग से संबंधित होने के कारण वन विभाग ने प्रकरण को खनिज विभाग बलौदाबाजार-भाटापारा को हस्तान्तरित किया। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार द्वारा सभी परिक्षेत्र अधिकारियों को वनक्षेत्र के आसपास अवैध रेत खनन अथवा परिवहन प्रकरणों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार गितेश बंजारे, वनपाल नटवर लाल वर्मा, तुलसी राम मनहरे वनरक्षक एवं परिक्षेत्र के कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

- वन विभाग ने रात्रि गश्त के दौरान की बड़ी कार्रवाई,

## मालवाहकों पर सवारी नहीं ढोयेंगे, चालकों ने ली शपथ



**हथबंद।** जनपद पंचायत सिमगा के हथबंद थाना प्रभारी कैलाश सिंह दास के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बढ़ रही सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण मॉल वाहक में सवारी बैठाने को माना है। जो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग में लेते हुए देखा जाता है। इस कारण दुर्घटना बढ़ रही है। इसमें जागरूकता बढ़ाने हथबंद क्षेत्र के ग्रामीण सहित वाहन चालकों ने शपथ ली। इस जा ग रू क ता अभियान में बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट एवं बिना इंश्योरेंस के गाड़ी नहीं चलाने की बात ▸▸ शेष पेज 13 पर

- थाना प्रभारी ने ग्रामीणों और वाहन चालकों को दिलायी शपथ

## बोरवेल का केबल काटकर ले गए चोर, गांव में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

ग्राम पंचायत मुसवाडीह में संचालित नलजल योजना को अज्ञात चोरों ने मंगलवार रात निशाना बनाया। चोरों ने बोरवेल से बिजली आपूर्ति के लिए लगा मुख्य केबल वायर चोरी कर लिया। इस घटना से पूरे गांव में पेयजल संकट गहराने की आशंका है। बुधवार सुबह जब ग्रामीणों को नल से पानी नहीं मिला, तब मामला उजागर हुआ। मौके पर पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि पवन कुमार सारथी और पंच येशु टिकरिहा ने बताया कि चोरों ने बोरवेल की बिजली आपूर्ति को क्षति पहुंचाई है, जिससे मोटर चालू नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी क्षेत्र में इस प्रकार की चोरियां होती रही हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इन पर विराम लग गया था। अब एक बार फिर से चोरी की घटनाएं शुरू हो गई हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि घटना की शिकायत संबंधित थाना में की जाएगी। साथ ही प्रशासन से मांग की गई है कि चोरी के दोषियों की जल्द पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आगे ऐसी घटनाएं न हो। गांव के लोगों ने बताया कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो उन्हें फिर से दूर-दराज से पानी लाने की मजबूरी हो सकती है। ग्रामीणों ने बोरवेल क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं चौकसी बढ़ाने की मांग की है। गौरतलब है कि नलजल योजना के तहत गांव के सैकड़ों परिवारों को रोजाना स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में केवल चोरी की यह घटना न सिर्फ योजना को बाधित करती है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन पर भी प्रतिकूल असर डालती है।

- ग्रामीणों ने थाने में की शिकायत और चोरों को पकड़ने की मांग



## मवेशियों का आशियाना बन चुका है झीपन का शौचालय

# सार्वजनिक शौचालय खंडहर में तब्दील, सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

जनपद मुख्यालय सिमगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत झीपन के सार्वजनिक शौचालय जानवरों का बाड़ा बन गया है। यह शौचालय उचित रखरखाव के अभाव में अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है। देखरेख के अभाव में इसका दरवाजा, नल सब कुछ टूट गया है कमोड और अन्य चीजें गोबर से भरी पड़ी है। यह सार्वजनिक शौचालय खंडहर में तब्दील हो चुका है।

शौचालय की टूटी दीवारें गायब दरवाजे, न नल, न पानी, न बिजली सिर्फ और सिर्फ यह मवेशियों का आशीयाना बन चुका है। वहीं शौचालय की दीवारों पर साफ सफाई से जुड़े लिखे हुए स्लोगन जो स्वच्छ भारत मिशन की मुहिम को चिढ़ा रहे हैं। शौचालय का कमोड गोबर से भरा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शासन के लाखों खर्च कर सामुदायिक शौचालय बनाया गया, लेकिन जिम्मेदार लोगों की अनदेखी के चलते इस महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा है। शौचालय को देखने से ऐसा लगता है कि गांव के लोगों ने इसका कभी इस्तेमाल भी नहीं किया है। क्योंकि शौचालय बनते ही इसकी रखरखाव की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली।



### सचिव को लापरवाही बरतना पड़ा महंगा

इस मामले पर संज्ञान लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिमगा अमित दुबे ने सचिव को निलंबित कर दिया है। सीईओ दुबे ने अपने आदेश में कहा है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय के रख रखाव में किसी प्रकार का रूचि नहीं लिये जाने तथा उच्च अधिकारियों के आदेश एवं निर्देश का पालन नहीं करने तथा शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1999 के भाग 02 नियम 04 के तहत ग्राम पंचायत झीपन के सचिव शिव प्रसाद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है तथा उसे मुख्यालय जनपद पंचायत सिमगा में अटैच किया जाता है। निलंबन अवधि में उनकी जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी। उनके स्थान पर संजय कुमार वर्मा सचिव ग्राम पंचायत भटभेरा को झीपन पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना: जिले के 3561 परिवारों ने किया गृह प्रवेश



**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में मंगलवार को अंबिकापुर में गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मार्च 2025 से अभी तक निर्मित 51000 से अधिक आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया, जिसमें जिले के 3561 आवास शामिल हैं। इस महागृह प्रवेश उत्सव में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में जिले में 3561 आवासों में गृह प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में नव निर्मित आवासों में गृह प्रवेश कराया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि महागृह प्रवेश कार्यक्रम में आवास में दीप प्रज्वलित, रंगोली, तोरण ▸▸ शेष पेज 13 पर

# भाजपा के 50 और मंडलों के अध्यक्ष तय, अब भी एक दर्जन में पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश भाजपा संगठन का चुनाव यूं तो भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का 17 जनवरी को तय होने के साथ पूरा हो गया है, लेकिन भाजपा के 478 मंडलों में से 63 मंडलों में चुनाव नहीं हो सके थे। अलग-अलग कारणों से चुनाव के लिए लटके मंडलों में से 50 और मंडलों में अध्यक्ष तय हो गए हैं, लेकिन एक दर्जन मंडलों में अब भी पेंच फंसा हुआ है। इन मंडलों के अभी अध्यक्ष बनाने की कवायद चल रही है। इसी के साथ जिन मंडलों के अध्यक्ष तय हो गए हैं, उनमें अब कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ हो गया है। इस माह के अंत तक हर हाल में सभी मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम भी पूरा करना है। भाजपा के प्रदेश संगठन में सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। भाजपा ने प्रदेश के 24 हजार से ज्यादा बूथों में तो चुनाव पूरा करा लिया लेकिन भाजपा के सभी मंडलों में अब तक चुनाव पूरे नहीं हो सके हैं। भाजपा के पहले 405 मंडल थे, चुनाव के पहले 73 नए मंडल भी बनाए गए। कुल मिलाकर 413 मंडलों का चुनाव हो सका और बाकी का चुनाव बच गया। कहीं पर पुराने मंडल अध्यक्ष को फिर से अध्यक्ष बनाना था, क्योंकि उनका एक साल का ही कार्यकाल हुआ था।

## अब चल रहा कार्यकारिणी बनाने का काम




### अब कार्यकारिणी की कवायद

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। पहले इसकी डेड लाइन दस मार्च रखी गई, इसके बाद इसको 20 मार्च किया गया। लेकिन पूरा मार्च निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अप्रैल भी पूरा समाप्त होने के बाद इसके लिए मई में समय तय किया गया है। मई में भी दूसरा सप्ताह प्रारंभ हो गया है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी पूरी नहीं हो सकी है। जानकारों के मुताबिक मुश्किल से 30 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी ही बन सकी है। बचे 70 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी को इस माह पूरा करने की कोशिश है।

## खबर संक्षेप

### चैंबर अध्यक्ष से की मुलाकात



**रायपुर।** डूमरतराइ व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल और अनाज मंडी के व्यापारियों ने मंगलवार को चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ व्यापारिक समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बांबे मार्केट स्थित चैंबर कार्यालय में डूमतराई व्यापारी संघ और अनाज मंडी के व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की। डूमर तराई व्यापारी संघ के संरक्षक अशोक मालानी, अध्यक्ष राम मंधान के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल एवं अनाज मंडी से अशोक नहलानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण शामिल हुए। उन्होंने चैंबर अध्यक्ष को व्यापारियों को वर्तमान में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया। इस मौके पर अनाज मंडी के अशोक नहलानी ने बताया कि मंडी टैक्स 1.5 रुपए प्रति सैकड़ा एवं 20 पैसे निराश्रित शुल्क लग रहा है।

### शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के लिए स्वच्छता टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को महात्मा गांधी सदन में प्रतियोगिता के डिजिटल पोस्टर का विमोचन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने 31 मई तक प्रविष्टियां भेजी जा सकती हैं। स्वच्छता को प्रोत्साहित करने नगर निगम की ओर से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्वच्छता टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता का नाम दिया गया है। महापौर मीनल चौबे ने राजधानी वासियों से इन दोनों प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी आकर्षक और प्रभावशाली प्रविष्टि स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए ऑनलाइन भेजें। यह पहल न केवल स्वच्छता को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि नागरिकों को सीधे अभियान से जोड़ने में मदद भी करेगी। भारत के 4,800 शहरों में यह टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता हो रही है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों के माध्यम से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में यह एक कड़ी के रूप में काम करेगी। टैगलाइन और मैस्कॉट से रायपुर को नई पहचान मिलेगी।

### सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक, संगठन विस्तार पर चर्चा



**रायपुर।** सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ की राजधानी में बैठक आयोजित हुई। जिसमें एक नाम, एक आवाज, एक समाज की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए जोर दिया गया। बैठक के संबंध में समाज के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया कि सामाजिक गतिविधि के लिए संगठन विस्तार के साथ नए लोगों की नियुक्ति किए जाने बैठक आहूत की गई। साथ ही आगामी दिनों में एक भव्य आयोजन प्रदेश स्तरीय किया जाना है इसके लिए चर्चा कर योजना बनायी गयी।
समाज के लिए आगे बढ़ करने पर कार्य करने पर प्रतिभागियों ने जोर दिया। इसके साथ ही टीम को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए आदेशित किया गया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे, संगठन महामंत्री दिलीप कुर्रे, महामंत्री सी एल जोशी, महामंत्री राजा बंजारे प्रदेश सचिव राकेश बघेल,कोर कमेटी सदस्य हेमलाल भारती , परमेश्वर टंडन, दीकेश टंडन, संदीप गंगेले,जिला अध्यक्ष रमेश जांगड़े, कार्य, अध्यक्ष कुमार महेश्वर, अजय जांगड़े,उपाध्यक्ष जितेश भारती सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हरिभूमि ने तीन दिन पहले इस गड़बड़ी को किया था उजागर

# खसरों से हटाए गए नाबालिग शब्द एनआईसी की गलती से हुई थी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

छत्तीसगढ़ के कई जिलों के खसरा जमीन के मालिक अचानक बालिग से नाबालिग हो गए थे। इन खसरा खातों में निजी लोगों की जमीन के साथ शासकीय जमीनें भी शामिल थीं। प्रदेश के कई जिलों में एक साथ हुई इस बड़ी त्रुटि को हरिभूमि ने उजागर किया था। इस खबर के बाद राजस्व विभाग के अफसरों में हड़कंप भी मचा था, जिसके बाद आनन-फानन में सरकारी छुट्टी होने के बावजूद इस गड़बड़ी को दो दिन के भीतर सुधार लिया गया। सूत्रों के अनुसार यह गड़बड़ी एनआईसी सेंटर से ही हुई थी। भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट करने के दौरान कई जिलों के खसरों के खातों में नाबालिग शब्द जुड़ गए थे, जिसे ठीक करने के लिए एनआईसी को भुईयां पोर्टल को रीसेट करना पड़ा। रिसेट करते ही सभी खसरा खाते पहले की स्थिति में आ गए और नाबालिग शब्द हट गए।

हरिभूमि ने 11 मई को खबर प्रकाशित की है, जिसमें प्रदेश के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, गौरेला-पेंड्रा, भरतपुर, सक्ती सहित अन्य जिलों के अंतर्गत तहसील क्षेत्रों के सैकड़ों-हजारों खसरा खातों में जमीन के मालिक बालिग से नाबालिग हो गए थे। खसरा खातों में सभी मालिकों के नाम के नीचे नाबालिग शब्द अंकित हो गया था, जो पीडीएफ फाइल में भी शो कर रहा था।

### मैनुअल रिकार्ड बहुत जरूरी

एनआईसी की लापरवाही से जिस तरह से ऑनलाइन रिकार्ड में बड़ी गड़बड़ी हुई है, इसे देखते हुए अब पटवारी राजस्व संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि राजस्व संबंधी सारे कार्य अब भुईंया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन हो रहे हैं। मैनुअल रिकार्ड नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर ऑनलाइन रिकार्ड में गड़बड़ी होती है, तो उसे मैनुअल रिकार्ड देखकर सुधारा जा सकता है, लेकिन अगर मैनुअल रिकार्ड ही नहीं होंगे, तो गड़बड़ी को सुधारने का दूसरा आप्शन एनआईसी के पास भी नहीं होगा, इसलिए राजस्व संबंधी कार्यों का मैनुअल रिकार्ड भी होना बहुत जरूरी है।


अपडेट करने के दौरान तकनीकी त्रुटि की आशंका
खसरा में थोक में गड़बड़ी, नाम के नीचे सब को लिख
हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर
केस 1
केस 2
खास खबर

### पंजीयन विभाग में सुविधा देने भुईयां को किया जा रहा अपडेट

शासन ने नामांतरण का अधिकार तहसीलदारों और पटवारियों से छीनकर पंजीयन विभाग को देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के कुछ पंजीयन कार्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नामांतरण की सुविधा शुरू भी कर दी गई है। इस सुविधा के साथ रजिस्ट्री के समय तुरंत बटांकन भी हो जा रहे हैं। यह सुविधा प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय में शुरू होनी है। इसे लेकर भुईयां पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है, ताकि रजिस्ट्री के दौरान बटांकन और नामांतरण भी आसानी से हो जाए।

### तीन साल पहले भी अपडेट के दौरान हो चुकी है बड़ी गड़बड़ी

भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट किए जाने के दौरान वर्ष 2022 में भी इसी तरह एनआईसी से गड़बड़ी हुई थी। उस दौरान भी प्रदेशभर के सभी खसरा रकबों का एक ही नंबर 0139 हो गया था। इसके अलावा कई तहसील ग्रामों के नाम धोने की मशीन, बात करना हो गए थे, वहीं कईयों का रकबा घट गया था। इस गड़बड़ी को भी रीसेट करके ठीक किया गया था।

# नक्सल ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और पुलिस के दावों में विरोधाभास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पूर्व सीएम भूपेश ने उठाए सवाल, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, बीजापुर में नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं और तथ्यों के आधार पर जो सच सामने आ रहा है, उससे लगता है कि नक्सल ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई नियंत्रण नहीं बचा है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं और उनको तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। बीजापुर के घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े किए हैं, जिससे संदेह पैदा हो गया है।

उन्होंने कहा, 8 मई की रात में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं। उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कह कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा है। पता चला कि बीजापुर जिला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए लाए गए। शव मोर्चुरी में सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम को एक रिलीज जारी की। बीजापुर में पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन संकल्प में कुल 31 नक्सली मारे गए हैं। अब तक कुल 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है।

### भूपेश ने किए सात सवाल



श्री बघेल ने सवाल किया कि क्या ऑपरेशन संकल्प चल रहा है? अगर हां तो इसका क्या विवरण है? ऐसा कैसे हो सकता है कि पुलिस कोई ऑपरेशन चला रही है और गृहमंत्री को इसकी जानकारी नहीं है? कुल कितने शव बरामद किए गए? अगर 31 नक्सली मारे गए तो बीजापुर में 22 शव ही कैसे पहुंचे हैं? बाक़ी के शव कहां हैं? अगर सुरक्षा बलों को इतनी बड़ी सफलता मिली तो इसकी घोषणा करने में इतना समय क्यों लगा? जिनकी पहचान की गई उनके क्या-क्या नाम हैं? जिन शवों को पहचानकर हैंडओवर किया गया, जिनको हैंडओवर किया गया उनके क्या नाम हैं? और उनसे उनका क्या रिश्ता है? कितने शव को पहचानना अभी बाक़ी है?

# ग्राम पलौद के समाधान शिविर में 22 मांग और 3 शिकायतों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सुषासन तिहार के तहत मंगलवार को अभनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पलौद में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 131 आवेदनों में मौके पर ही 22 मांग और 3 शिकायतों का निराकरण किया गया। शिविर में क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर गौरव सिंह, एसएसपी लाल उमेद सिंह, अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, जिला सदस्य यशवंत साहू, सरपंच सुषमा मणीराम सहित अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस शिविर में मनरेगा से 4 जॉबकार्ड, 22 राशनकार्ड, समाजकल्याण विभाग द्वारा 2 ट्रायसायकल, 5 छड़ी, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 4 डेमो चेक, श्रम विभाग द्वारा 7 श्रमिकों को श्रमकार्ड, एसबीआई फाउंडेशन जीवन टीबी केयर परियोजना स्कूल एनजीओ रायपुर की ओर से टीबी मरोजो को निःशुल्क 4 फूड पैकेट, कृषि विभाग द्वारा 1 कृषक को धान बीज तथा 4 कृषक को क्रेडिट कार्ड, 50 प्रतिशत अनुदान पर 2 कृषकों को नेपसेक स्केयर तथा मत्स्य विभाग द्वारा 2 लोगों को महाजाल, उद्यान विभाग द्वारा 10 कृषकों को सब्जी, बीज, सब्जी मिनिकीट का वितरण किया गया। शिविर में गोदभराई, अन्नप्रसान की रस्म भी की गई।

इस दौरान विधायक और कलेक्टर ने समाधान शिविर में लगे सभी विभाग के स्टॉल का निरीक्षण कर सभी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिए। सुशासन तिहार के तहत आरंग ब्लॉक के नवा रायपुर स्थित ग्राम राखी में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए। सांसद और विधायक ने शिविर में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को किसान किताब (ऋण पुस्तिका), दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, आमजनों को राशन कार्ड, मजदूरों को श्रमिक कार्ड प्रदान किया गया। शिविर में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीजीपी चयन के लिए यूपीएससी ने चार आईपीएस के नामों पर किया विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पैनल में पवन देव, अरुण देव, जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल

■ यूपीएससी की बैठक में मुख्य सचिव हुए शामिल



छत्तीसगढ़ में पूर्णकालिक डीजीपी के लिए यूपीएससी में सलेक्शन कमेटी की बैठक मंगलवार को हुई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी शामिल हुए। डीजीपी के लिए चार आईपीएस अधिकारियों का नाम यूपीएससी को भेजा गया है, इनमें पवनदेव, अरुणदेव गौतम, जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता का नाम शामिल है। इनमें से ही कोई पूर्णकालिक डीजीपी बनेगा।

डीजीपी चयन का मामला पिछले छह महीने से मामला यूपीएससी में लटका हुआ था। इससे पहले एक बार डीपीसी हुई भी मगर जीपी सिंह की इंट्री के बाद फिर से कई तरह की जानकारियां यूपीएससी ने राज्य सरकार से मांगी। राज्य सरकार ने सरकार ने दिसंबर 2024 में डीजीपी सलेक्शन के लिए प्रस्ताव भेज दिया था। मगर अब यूपीएससी जल्द अब पेनल बनाकर भारत सरकार को भेज देगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राज्य सरकार ने तीन नामों को पैनल भेजा था, जीपी सिंह के बहाल होने के बाद उनका नाम लिस्ट में वरिष्ठता के आधार पर तीसरे नंबर में जोड़ा गया है।

### राज्य सूचना आयुक्त के लिए इंटरव्यू 28 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू 28 मई को होगा। इंटरव्यू के लिए पात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए मिले आवेदनों के संबंध में मापदंड तय कर परीक्षण और अनुशंसा देने के लिए सर्च कमेटी का गठन किया गया है। एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ इस कमेटी के अध्यक्ष हैं। कमेटी की बैठक श्री पिंगुआ की अध्यक्षता में 9 मई को रखी गई थी।

# राहुल ने की पीसीसी अध्यक्ष बैज के कार्यों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ पत्र में राहुल ने कहा न्याय की लिए लड़ाई निरंतर जारी रखें

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यों की सराहना करते हुए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखा है। उन्होंने पदयात्रा, बढ़ते अपराध के खिलाफ हुए आंदोलन और महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार की लड़ाई की सराहना की है। पत्र में कहा है कि न्याय के लिए और जनता में उम्मीद जगाए रखने के लिए लड़ाई निरंतर जारी रखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ में न्याय यात्रा का आगाज किया। इसके तहत बलौदाबाजार से रायपुर तक पदयात्रा की थी। वहीं बढ़ते अपराध, महिलाओं के साथ अत्याचार को लेकर सड़क की लड़ाई के लिए अभियान चलाया था। उन्होंने हाल ही में इंद्रावती नदी को बचाने बस्तर में एक पद यात्रा कर इस मुद्दे की ओर सरकार का ध्यान खींचा। इंद्रावती बचाव अभियान की यह पदयात्रा जल-जंगल-जमीन के अधिकार के लिए थी। इंद्रावती नदी अब सरकार की उपेक्षा और बदइंतजामी के चलते पूरी तरह सूख चुकी है, जिसे बचाने के लिये बस्तरवासी पूरे तरीके से संघर्षरत हैं, लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने जब आंदोलन किया तब सरकार हरकत में आयी और शासन और प्रशासन ने पानी छोड़ने का काम किया।


# ऑपरेशन सिंदूर पर महिला का विवादित बयान, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ सोशल मीडिया में बयानबाजी करने के मामले में रायपुर पुलिस ने एक महिला के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस महिला ने ऑपरेशन सिंदूर कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए देश की सेना और प्रधानमंत्री पर कई तरह की टिप्पणी की है, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है। देशविरोधी इस टिप्पणी को लेकर कुछ हिन्दू संगठनों ने महिला के खिलाफ सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट को लेकर सिविल लाइन थाने में शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने महिला के खिलाफ कार्रवाई की है।

***इंस्टाग्राम में इस विवादित पोस्ट के बाद लोगों का फूटा गुस्सा :*** रायपुर निवासी लुजिना खान नामक महिला ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर इंस्टाग्राम में पोस्ट किया है। इस पोस्ट में लिखा है कि पहलगाम अटैक बहुत निंदनीय था पर आतंकी आपके घर में घुसे कैसे, चूक आपसे हुई, आतंकवादियों ने टूरिस्ट को मारा, आपके पास उनके स्कैच आए, आप उनका ठिकाना पता करें, फिर उसी जगह अटैक करें। आपके तो रैंडम जगह अटैक कर बूढ़ों को, बच्चों को, उनके मां-बाप को मारा, जिनका पहलगाम अटैक में कोई हाथ नहीं था। ये कौन सा बदला हुआ। इस अटैक में बेकसूर लोग मारे गए हैं। टेम्परी वाह-वाही के लिए मासूम बच्चों का कत्ल करने वालों को हम हीरो नहीं मानते। हम अपने फायदे के लिए की गई गंदी सियासत के साथ नहीं हैं। यह कोई इंसाफ नहीं है।

### रामभक्त सेना के अध्यक्ष की रिपोर्ट पर कार्रवाई




रामभक्त सेना के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम केवलानी ने इस विवादित पोस्ट को देशविरोधी बताते हुए पोस्ट करने वाली महिला के खिलाफ थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस रिपोर्ट में उन्होंने लिखा है कि पहलगाम की घटना हर एक भारतीय को झकझोर देने वाली घटना है, उसी की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर है जो देश के हर एक नागरिक के लिए गौरावन्ति करने वाली है। इस कार्रवाई के खिलाफ बयानबाजी कर लुजिना खान ने देश की सेना एवं प्रधानमंत्री के खिलाफ आवाम को भड़काने का प्रयास किया है। सेना के पराक्रम को वाहवाही लूटने का नाम दे रही थी। उन्होंने शिकायत में महिला के खिलाफ राष्ट्रद्रोह के तहत कार्रवाई करने की मांग की है।

# बाबुओं की सुस्ती, पांच माह से अटका पीजी डाक्टरों का स्टाइपेंड डीएमई तक पहुंची शिकायत

■ आर्थिक संकट और हर साल यही समस्या होने का तर्क भी

**रायपुर।** एडमिशन होने के बाद पढ़ाई के साथ अस्पतालों में ड्यूटी करने वाले पीजी डाक्टरों का स्टाइपेंड पांच माह से अटका हुआ है। इसकी वजह मेडिकल कालेजों के विभागीय बाबुओं की सुस्ती को बताया गया है। लंबा समय बीतने के बाद भी विभागवार पीजी चिकित्सकों की सूची तैयार नहीं हो पाई है, जिसके आधार पर उन्हें शिष्यवृति का भुगतान होता है। मामले की शिकायत चिकित्सा शिक्षा संचालक से की गई है, जिसमें तर्क दिया गया है कि स्टाइपेंड नहीं मिलने के वजह से पीजी डाक्टरों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्हें यह भी बताया गया है कि स्टाइपेंड के भुगतान में लेट लतीफी हर साल की समस्या है। सूत्रों का कहना है कि काउंसिलिंग के दौरान पीजी की सीटों पर प्रवेश लेने की प्रक्रिया काफी समय तक चलती है। इसके बाद मेडिकल कालेजों के विभागीय क्लर्क इन चिकित्सकों विभागवार सूची तैयार करते हैं और इस आधार पर स्टाइपेंड वितरण करने का काम शुरू किया जाता है। विभागीय स्तर पर काम इतनी ढीला होता है कि शिष्यवृति मिलने तक काफी समय बीत जाता है। पीजी डाक्टरों का कहना है कि दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उन्हें जो वक्त दिया जाता है, उसमें या तो उनकी क्लास होती है या फिर अस्पताल में उन्हें ड्यूटी होती है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह सहित रायपुर समेत अन्य मेडिकल कालेज के पीजी डाक्टरों ने डीएमई से हस्तक्षेप कर स्टाइपेंड की शुरुआत करने का निवेदन किया है।

# ढाबों में निगम के स्वास्थ्य विभाग ने दी दबिश, ढाबा किया सील

**रायपुर।** निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य महकमे ने मंगलवार को शहर के आउटर में स्थित लभांडी के ढाबों में दबिश दी। इस दौरान जांच में ढाबों में सफाई को लेकर भारी अव्यवस्था देखने को मिली। पता चला कि शाकाहारी और मांसाहारी खाना बनाने एक ही बर्तन का इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं सिंघम रेस्टोरेंट ढाबा में फफूंद लगे हुये खाद्य पदार्थ पाये गये। इसे जन स्वास्थ्य के हिसाब से भारी लापरवाही मानते हुए टीम ने सिंघम रेस्टोरेंट-ढाबा को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को औचक निरीक्षण के दौरान ढाबों में मिले पुराना चिकन और खाद्य पदार्थ को देखते हुए 5 ढाबा संचालकों पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही जांच के बाद ढाबों में इस्तेमाल किये जा रहे 55 गैस सिलेंडर को जब्त किया। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि निगम के स्वास्थ्य विभाग, खाद्य शाखा और नगर निवेश की संयुक्त टीम ने नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित अलग-अलग ढाबा-हॉटलों में सफाई व्यवस्था की धरातल पर जांच करने निरीक्षण किया। इस दौरान 5 ढाबों में सफाई को लेकर कोताही पाये जाने पर 70 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गयी। संबंधित ढाबा संचालकों को सफाई व्यवस्था सुधारने विशेष निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि जोन 9 क्षेत्र के विभिन्न ढाबा-हॉटलों में आगे भी निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने हिदायत दी जायेगी।

## खबर संक्षेप

### मेरिट लिस्ट में गर्वित ने बनाई जगह

**महासमुंद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) नई दिल्ली ने 13 मई को कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किये, जिसमें वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं बोर्ड में विज्ञान संकाय से गर्वित देवकर ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, चंद्रहास साहू ने 90.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय, चंद्रकांत साहू ने 90.4 के साथ तृतीय, विदुषी यादव ने 88.6 के साथ चतुर्थ एवं आर्यन चंद्राकर ने 88 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से वंश इसरानी 87 प्रतिशत के साथ प्रथम, सिमरन कुकरेजा ने 86.4 के साथ द्वितीय, ताजवर साजिया ने 81 के साथ तृतीय, मिस्टी चंद्राकर ने 80 के साथ चतुर्थ एवं वाणिज्य संकाय से ही राहुल चांडक ने 79 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं बोर्ड में मनप्रीत कौर 95.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, शौर्य देवांगन ने 94.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, प्रत्यूष चंद्राकर ने 91.4 प्रतिशत तृतीय स्थान, प्रज्ञा अग्रवाल ने 91 प्रतिशत के साथ चतुर्थ एवं हिया साहू ने 90 प्रतिशत अंक लेकर पांचवां स्थान प्राप्त किया।

### रिटायर्ड आर्मीमैन से दो युवकों ने की मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा में रिटायर्ड आर्मीमैन से दो लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी शाहजाद खान निवासी वार्ड नं 06 लालपुर ने बताया कि आर्मी से रिटायरमेंट के पश्चात एफसाआई बागबाहरा में गार्ड का काम करता हूं। 13 मई की शाम करीबन 7.30 बजे अपनी ड्यूटी से घर जा रहा था। लालपुर ढांगाडिपरा रास्ता में नाला के पास कुछ लड़के बीच रोड में खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। मेरे द्वारा अपने स्कूटी को रोका गया तो वे लड़के लोग बिना वजह के गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। उनमें से एक लड़के ने ईंट से सिर में मारकर चोट पहुंचाया और एक लड़के स्कार्फ से गला दबाने की कोशिश किया। किसी तरह जब वह खुद को छुड़ाकर अपनी स्कूटी को छोड़कर भागने लगा तो वे लड़के लोग पीछा करते हुए जान से मार देंगे कहते पीछे दौड़ने लगे और ईंट पत्थर से फेंककर मार रहे थे। नीलांबर साहू के बाड़ी के पास जाकर रूका तो मोहल्ले के तीन-चार लोगों उन्हें मना किया तो वे भाग निकले।

## दूसरे चरण का सुशासन तिहार सम्पन्न, हितग्राही हुए लाभान्वित

# सुशासन में मिले आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड 6, 7, 8, 9 एवं 10 में प्राप्त मांगों एवं शिकायतों का समाधान करने हेतु नगर पंचायत कसडोल क्षेत्रांतर्गत कर्मामाता साहू समाज परिसर में दूसरे समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का प्रारंभ प्रदेश महामंत्री श्याम बाई साहू, सांसद जिला प्रतिनिधि विमल वैष्णव, अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सुदीप दास मानिकपुरी, पार्षद भानु प्रताप साहू, सुंदर साहू, नीरज साहू, भगवती साहू, अजय साहू, शकुंतला पटेल, मंजू बंजारे, चन्द्रिका वैष्णव, संजय साहू, विमल वैष्णव, दीपक साहू सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी जनप्रतिनिधियों ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त मांग एवं शिकायतों पर गंभीरता से त्वरित एवं हरसंभव समाधान करने का आश्वासन दिया तथा सभी उपस्थित विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की समस्याओं एवं मांग का समय पर उचित निराकरण करने की अपील की गई।





सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का दूसरे चरण में निराकरण करने पश्चात सभी विभागों से प्राप्त आवेदनों पर निराकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। शिविर में वार्ड 6 से 10 में विभिन्न विभागों को कुल 789 मांग एवं 10 शिकायतें प्राप्त हुए, जिसमें से 713 मांगों एवं 08 शिकायतों का निराकरण किया गया है। शिविर में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त मांग में से नगर पंचायत कसडोल द्वारा 10 हितग्राहियों को राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 04 हितग्राहियों को किसान पुस्तिका एवं प्रमाण पत्र, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगणों के कर कमलों से वितरण किया गया।

## सुशासन तिहार में दिव्यांगजनों को मिला प्रमाण पत्र



**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विकासखंड कसडोल के वनांचल ग्राम बल्दाकछार आगमन हुआ था। इसमें उन्होंने ग्राम के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए थे। इस कड़ी में 12 मई को कसडोल के स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें दिव्यांगजन भी चिन्हित किये गए थे।

इन दिव्यांगजनों को आज जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के परीक्षण के पश्चात दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए। मुख्यमंत्री साय के इस पहल से अब ये दिव्यांगजन भी शासन की योजनाओ का लाभ ले सकेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी इसमें अलग-अलग दिव्यांगता जैसे अस्थि बाधित, श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित सम्मिलित हैं जिनका परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया। स्वास्थ्य परीक्षण में दिव्यांगता प्रतिशत भी अलग-अलग है। आज शिविर में कुल 5 प्रमाण पत्र दिये गए जबकि 4 को यूडीआईडी प्रदान की गई। हितग्राही 30 वर्षीय जेठू पटेल जिन्हें अस्सी प्रतिशत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में आने के बाद डॉक्टरों द्वारा परीक्षण कर उन्हें प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इसके माध्यम से शासन द्वारा दिव्यांगों को प्रदान की जा रही कई सुविधाओं का अब उन्हें लाभ प्राप्त होगा।

## 13 बुजुर्गों को मिला पेंशन स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- पेंशन शिविर का आयोजन 13 बुजुर्गों को मिली पेंशन स्वीकृति पत्र
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर अमल : बल्दाक्रछार में पेंशन शिविर का आयोजन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत आकस्मिक निरीक्षण में विकासखंड कसडोल के विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य गांव बल्दाक्रछार पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न पेंशन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे। निर्देश के अनुपालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम बल्दाक्रछार में पेंशन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 13 हितग्राहियों को पात्र पाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी 13 हितग्राहियो को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बल्दाक्रछार के सरपंच रमेश कुमार ध्रुव एवं उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम भी उपस्थित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री विधवा पेशन योजना अंतर्गत रोहणी बाई, अरज बाई कमार, किरण बाई को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत मनीराम, शिवप्रसाद, सोमनाथ, साहूकार, सुबेराम एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत खोलबाहरा, कुंवरमती ध्रुव, हीरा लाल, धनेश, बिहारी लाल को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया।



## नये बस स्टैंड में यात्रियों को मिलेगी सभी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- वार्ड वासियों के मांग के अनुरूप जनहित में किया जा रहा कार्य

नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत नगर में विकास कार्यों को लेकर जन सामान्य के मध्य भ्रम की स्थिति निर्मित की जा रही है, जो की उचित नहीं है। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने जारी बयान में कहा कि पिपरहा तालाब के समीप का पैठू बहुत बड़ा था इसके आसपास भारी मात्रा में अतिक्रमण होने से वर्तमान में पैठू के स्थान पर एक डबरी नुमा गड्ढा रह गया है जिस पर गन्दा पानी भरा रहता है व घरों के नाली का निस्तारी पानी के जमा होने से आसपास का वातावरण प्रदूषण युक्त रहता है, साथ ही मच्छर एवं गंदगी पनप रही है जिससे आसपास के वार्ड वासियों को बदबू एवं प्रदूषित वातावरण में रहने मजबूर होना पड़ता है। इससे कभी भी गंभीर बीमारी पनप सकती है। इस पर विचार करते हुए तालाब खनन की मिट्टी से उक्त डबरी को पाटने के लिए मोहल्ले वासियों द्वारा ही की गई मांग के अनुरूप ही उक्त कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही उक्त पैठू भूमि पर मोहल्ले वासियों के लिए छठी, जन्मदिन व मोहल्ले में मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सामुदायिक भवन के निर्माण की भी मांग लिखित में की गई है, इसलिए उक्त पैठू नुमा गड्ढे को मिट्टी से भरा जा रहा था व स्थानीय नया बस स्टैंड के सौंदर्य करण एवं अन्य विकास के कार्य कराए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई थी। नया बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा में कोई कमी नहीं होगी, बल्कि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके, इस दिशा में अच्छी सोंच रखते हुए वर्तमान परिषद कार्य कर रही है।

नगर पालिका परिषद के द्वारा वर्तमान कार्यकाल में जन सामान्य को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी व निर्माण कार्यों में कोई समझौता नहीं करते हुए गुणवत्ता पूर्वक कार्य जन सामान्य को देखने को मिलेगा जो जनहित के कार्य होंगे। साथ ही जन सामान्य की इच्छाओं के अनुरूप होगा व सभी की मंशा के अनुरूप कार्य करने की बात कही गई। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय पिपरहा तालाब गहरीकरण, धोबी तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण के साथ ही नगर के अन्य तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं नगर के अन्य तालाबों की सफाई भी कराई जाएगी व रामसागर तालाब के भी सौंदर्यीकरण व सफाई के कार्यों को प्रस्तावित किया गया है।

## कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे: कलेक्टर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत तीसरे चरण का समाधान शिविर सरायपाली जनपद पंचायत के क्लस्टर ग्राम पंचायत सिंघोड़ा के शासकीय हाईस्कूल मैदान परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, धर्मेंद्र चौधरी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रविराज ठाकुर मौजूद थे।

शिविर में सिंघोड़ा क्लस्टर के 13 ग्राम पंचायतों से प्राप्त कुल 2629 आवेदनों में से 2622 आवेदनों का निराकरण सुशासन तिहार के दूसरे चरण में संबंधित विभागों द्वारा किया गया, जिन्हें आज शिविर में जनसमूह के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 13 ग्राम पंचायत बंदालीमाल, भगतसराईपाली, चारभाठा, चिवराकुटा, घाटकछार, घुंचापाली, कलेण्डा, माल्दामाल, पण्डरीपानी, पतेरापाली, रिमजी, बांझापाली एवं सिंघोड़ा शामिल थी। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत पिरदा हाई स्कूल भवन, बसना अंतर्गत ग्राम बरोली पूर्व माध्यमिक शाला एवं बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिर्रीपठारीमुड़ा में समाधान शिविर का आयोजन हुआ।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुसार सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सिंघोड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 तारीख तक जितने भी आवेदन प्राप्त हुए थे उनके निराकरण की जानकारी संबंधित विभागों द्वारा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा आवेदन प्रधानमंत्री आवास,राशन कार्ड,पुल पुलिया, सड़क, पानी की समस्या के प्राप्त हुए। जिसे जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। जिन मांगों के लिए संसाधन और बजट उपलब्ध थे, उन पर तत्काल कार्रवाई की गई, जबकि अन्य मांगों के लिए स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि यह समाधान शिविर आप सभी ग्रामीणजनों के लिए है। ताकि, आपकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से हो सके। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि"आज के शिविर में भी अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए जा सकते हैं, जिसके लिए एक अलग काउंटर बनाया गया है। आज के शिविर में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका यथाशीघ्र निराकृत किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ सरल और सुगम तरीके से प्राप्त हो।

## एक वर्ष से अधिक लंबित राजस्व प्रकरणों का 6 माह में हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शिक्षा विभाग को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश
- सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने पर दिया जोर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों और शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में सुशासन तिहार की प्रगति की समीक्षा की गई और विभिन्न योजनाओं पर कार्य की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी जिला अधिकारी सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि 31 मई 2025 तक आयोजित सभी शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के महासमुंद आगमन पर दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी अधिकारी सक्रियता से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लेन-देन या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर संबंधित को पद से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है। कलेक्टर लंगेह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण की शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि अतिक्रमण पंजी में मामला दर्ज नहीं है, तो संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए कि फील्ड में कसावट और सक्रियता स्पष्ट दिखाई देनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय से लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का अगले छह माह में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए। संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी तीन महीनों में राजस्व विभाग स्वामित्व योजना के अंतर्गत नक्शा अपडेट करने और पट्टों का वितरण सुनिश्चित करे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि स्वामित्व संबंधी विवादों का समाधान शीघ्रता से हो सकेगा। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत सभी परिवारों का जाति प्रमाण, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। चिन्हित कार्यों की जमीनी स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आनी चाहिए।



उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि योजना की मॉनिटरिंग में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी, फील्ड विज़िट कर के वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में पेयजल की कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। आवश्यकतानुसार बोर खनन किया जाए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को सभी कार्य प्रारंभ करने और प्रगतिरत कार्यों की निगरानी और समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि खाद और बीज की खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, कालाबाज़ारी रोकने अब सभी सहकारी समितियों में पॉस मशीन के माध्यम से खरीदी की जाएगी। सभी समितियां को पहले से पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। ताकि, किसानों को समय पर सामग्री मिल सके। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए कार्ययोजना तैयार करें और उसे प्रभावी रूप से लागू करें। छात्रों की प्रगति की निगरानी के लिए साप्ताहिक मूल्यांकन, शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और अभिभावकों को छात्रों की प्रगति से अवगत कराने के लिए नियमित बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि पीएमश्री स्कूलों में अप्रारंभ कार्य प्रारंभ करें। कलेक्टर ने कहा कि संयुक्त टीम अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करें।

## पेज 11 के शेष

### सुशासन तिहार के...

शासन की महत्वाकांक्षी योजना की उपेक्षा की गई है एवं आम नागरिक संबंधित विभाग से काम के लिए भटकते देखे गए, जिससे कि शासन की छवि धूमिल हो रही है।

**शिविर स्थल पर जिम्मेदार अधिकारी अनुपस्थित रहे-** शिविर स्थल पर लगाए गए स्टाल में किसी भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं थे। एक दो उपस्थित थे, वे भी चंद मिनटों में औपचारिकता निभाकर चलते बने तथा जिला प्रशासन द्वारा नगर पालिका परिषद सिमगा में नियुक्त महिला नोडल अधिकारी उप अभियंता दोपहर 1.30 बजे से नदारद रही जो शिविर समाप्ति तक नजर नहीं आई, जो जन चर्चा का विषय रहा।

शिविर में राजस्व विभाग में सर्वाधिक 95, आवेदन प्राप्त हुए और सभी का निराकरण होना बताया गया है। नगर पालिका परिषद सिमगा में कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए और सभी आवेदनों का निराकरण होना बताया गया है।अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति छात्रावास विभाग में कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए थे और पांचों आवेदनों का निराकरण होना बताया गया है। कृषि विभाग में कुल 04 आवेदन प्राप्त हुए थे और चारों आवेदनों का निराकरण होना बताया गया है। वहीं पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं उद्यान विभाग में कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए और आवेदनों की संख्या निरंक रही। इस तरह प्रचर प्रसार की कमी के चलते शिविर के प्रति लोगों में उत्सुकता की कमी स्पस्ट दिखाई पड़ रही थी।

### मालवाहकों पर...

कही, वहीं नाबालिक बच्चे को मोटर सायकिल नहीं देने की बातें कही गई। पिकअप, मेटाडोर, ट्रैक्टर में सवारी बैठाने पर कठोर कार्रवाई करने की बातें कही। साथ ही कही पर भी ऐसी स्थिति या फिर मॉल वाहक वाहन पर सवारी बैठाते देखे जाने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर यथा स्थिति का जानकारी देकर जागरूक करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वाट्स अप के माध्यम से फोटो खींच कर थाना के नंबर पर जानकारी देकर होने वाले दुर्घटना को रोकने में मदद करने का निर्णय लिया गया।

### प्रधानमंत्री आवास...

आदि से सजा कर आभार पत्र हितग्राहियों को वितरण किया गया।

HEALTH TOWN
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

15052025-Mad-04_Layout 1 5/15/2025 12:04 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### कोमल और वर्षा 10वीं-12वीं कक्षा में प्रथम

**गोपालपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल दिल्ली ने सीबीएसई कक्षा दसवीं- बारहवीं के परिणाम की घोषणा की, जिसमें डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में कक्षा 12वीं में कोमल पिता नारायण प्रसाद साहू ने 430 अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं में कुमारी वर्षा पिता नारायण प्रसाद साहू ने 83 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोमल और वर्षा साहू दोनों भाई बहने हैं। उक्त दोनों के प्रथम स्थान आने पर संदीप पटेल प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने बधाई दी।

### बारहवीं में आदित्य को मिला 92 प्रतिशत

**महासमुंद।** ग्राम लभराकला निवासी प्रदीप प्रकाश के सुपुत्र आदित्य प्रकाश गिरि वर्तमान में कांगेर वैली स्कूल रायपुर में पढ़ाई कर रहे हैं, उसने सीबीएसई की बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 92.89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। आदित्य की इस सफलता पर गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, वरिष्ठ पदाधिकारी रामेंद्र प्रकाश गिरि, उमेश भारती, अशोक गिरि, विजय पुरी, शंकर पुरी, दुर्वासा गिरि, सुरेंद्र गिरि, डिगेंद्र गिरि, ओमप्रकाश पुरी, यशवंत गिरि, सीता गोस्वामी, देवेंद्र गिरि, आशुतोष पुरी आदि ने हर्ष जताया है।

### पीजी कॉलेज में भौतिकशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षाएं 16 व 17 को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की भौतिकशास्त्र की डीएससी विषय की प्रायोगिक परीक्षा 16 मई तथा एईसी विषय की प्रायोगिक परीक्षा 17 मई को प्रातः 9 बजे से आयोजित है। समस्त नियमित/अमहाविद्यालयीन विद्यार्थी समय पर अपनी उपस्थिति दें। अन्य जानकारी के लिए महाविद्यालय के भौतिक विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

### 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम छिंदौली के मृतक राजा यादव एवं बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम कापूडीह के मृतक भूपत उर्फ गुप्तराम के वारिसानों के लिए तथा सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम डिपापारा के मृतक योगेश तिवारी के परिजन के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार आग में जलने से मृत्यु होने पर विकासखण्ड सरायपाली अंतर्गत ग्राम राफेल के मृतक जगबंधु राणा एवं बिजली गिरने से मृत्यु होने पर ग्राम बलोदा की मृतिका सोहद्रा राउतिया के परिजनों के लिए 04-04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 12 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश मिला

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन की पहल सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत विकासखंड पिथौरा की ग्राम पंचायत पिरदा में 13 मई को आयोजित समाधान शिविर में समाज कल्याण विभाग ने 12 पात्र हितग्राहियों को पेंशन योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया।
शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरदा के पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किए गए।

## निधन

### बिहारी लाल साहेब



**पलारी।** नगर पंचायत रोहांसी निवासी 90 वर्षीय महंत बिहारी लाल साहेब का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में विधि विधान से किया गया, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वे आनंद राम साहू के पिता थे।

---

प्रथम चरण में प्राप्त हुए थे 4022 आवेदन, इनमें 3998 मांग और 24 आवेदन शिकायत के थे

# लाहौद के समाधान शिविर से 1756 हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लाहौद में बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े शामिल हुए। शिविर में कलस्टर के 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होकर शासन की योजनाओं का लाभ लिए। प्रथम चरण में कुल 4022 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 3998 मांग एवं 24 आवेदन शिकायत से सम्बंधित थे। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 1756 हितग्राहियो का लाभन्वित किया गया। इसके साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। कलेक्टर दीपक सोनी इस अवसर पर जल संचयन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर क्ा आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगो के द्वार तक प्रशासन की पहुंच हो और योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग से सभी पात्र हितग्राही को मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर एक प्रकार से रिपोर्ट कार्ड है जिसमें आपके द्वारा दिये गए आवेदन की जानकारी का पूरा विवरण होता है। शिविर में अधिकारी निराकरण का वाचन करते हैं, इसके साथ ही प्रोजेक्टर व कम्प्यूटर के माध्यम से भी आवेदन की स्थिति की जानकारी ले सकते है। उन्होंने बताया कि सम्पर्क केंद्र से भी आवेदको को उनके आवेदन के सम्बन्ध में जानकारी दी जा रही है। वर्तमान में आवास प्लस 2.0 का सर्वे किया जा रहा है जिसमें आवास प्लस के छूटे हुए हितग्राहियो को प्राथमिकता से पंजीयन किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित हो रहे समाधान शिविर से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी स्वयं जनता के पास आ रहे है और उनकी समस्या का समाधान कर रहे हैं। इसके साथ ही आमजन को योजनाओं की जानकारी मिल रही है और पात्र हितग्राहियों को लाभ भी मिल रहा है।

#### 10 पंचायत के लोग हुए शामिल

हितग्राही हुए लाभान्वित-कलस्टर लाहोद समाधान शिविर में लाहोद, कोलिहा, गिंदोला, खम्हारडीह, चिरपोटा, मुण्डा, ताराशिव,परसाडीह, चिचिरदा, पंडरिया कुल 10 पंचायत शामिल हुए। आवेदनों के निराकरण उपरांत कुल 1756 आवेदकों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसमें नवीन जांब कार्ड 4, नवीन राशन कार्ड 7, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 6, केसीसी ऋण वितरण 6, खाद एवं बीज वितरण 3, माइक्रो एटीएम से किसानों को राशि 4, गोदभराई 4, अन्नप्रासन 4, आयुष्मान कार्ड वितरण 6, आईस बाक्स 2, भिण्डी लौकी बीज वितरण 9, किसान किताब 25, बी-1 खसरा 32, सीमांकन 3, बटांकन 3 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके साथ ही विकासखंड भाटापारा के करही बाजार, सिमगा के दरचुरा, पलारी के लच्छनपुर एवं कसडोल के चांदन एवं नगरीय निकायों में भी समाधान शिविर आयोजित किया गया।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित सरपंच, उप सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

- शिविर में क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया
- भाटापारा में सुशासन तिहार समाधान शिविर सम्पन्न, क्षेत्रवासियों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

**भाटापारा।** नगर में बुधवार को सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

इस समाधान शिविर में क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

यह शिविर शासन की जनहितकारी सोच और उत्तरदायी प्रशासन की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसके माध्यम से नागरिकों को सरल, पारदर्शी और सुलभ सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया गया। संवाद से समाधान तक की इस पहल ने आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जनसेवा की भावना को और अधिक सशक्त किया है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति मनीष मिश्रा, पार्षदगण श्रेणिक गोलछा, नंदू वैष्णव, सतीश साहू, गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी और गेन्दू साहू सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

शिविर में नागरिकों को आवश्यक योजनाओं की जानकारी दी गई तथा कई हितग्राहियों को तत्काल योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। यह आयोजन भाटापारा नगर के विकास व जनसरोकारों की दिशा में एक सकारात्मक पहल सिद्ध हुआ।

**आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना शिविर का उद्देश्य-** अश्वनी शर्मा ने कहा- हमारा उद्देश्य सिर्फ समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि नगर की आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता, जल व्यवस्था, सड़क और नाली जैसी आवश्यक सेवाओं का निरंतर वर्धन करना है। जनसहभागिता के साथ हम विकास के इस अभियान को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

## खेतों की सफाई में जुटे किसान खेती-किसानी की तैयारी शुरू



**सुहेला।** क्षेत्र गर्मी की तपती धूप के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेतों की सफाई में जुट गए हैं। वर्तमान में किसान खेतों से कांटा, कचरा व झाड़-झंखाड़ हटाने के कार्य में लगे हुए हैं। खेतों में उगी हुई घास व झाड़ियों को सावधानीपूर्वक निकालकर इकट्ठा किया जा रहा है और उसे जलाकर नष्ट किया जा रहा है, जिससे खेत पूरी तरह साफ रहें और फसल उत्पादन में किसी प्रकार की बाधा न आए।

सफाई के बाद खेतों की गहरी जुताई की जा रही है, जिसे 'अकरस की जुताई' कहा जाता है। इसके बाद खेतों में गोबर की खाद का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि मिट्टी भुरभुरी व उपजाऊ बनी रहे और बुवाई के समय बेहतर परिणाम मिल सकें।

महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग सभी मिलकर खेतों की तैयारी में लगे हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस वर्ष मानसून अच्छा रहेगा और फसल उत्पादन में वृद्धि होगी। खेतों की यह मेहनत आने वाले समय में अच्छी पैदावार की नींव रखेगी।

## दिव्या को सीबीएसई परीक्षा में मिले 93.8 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन




आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल, हिरमी की छात्रा दिव्या वर्मा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। दिव्या की इस उपलब्धि स्कूल और उनके परिवार में खुशी की लहर है। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपनी कड़ी मेहनत को दिया। दिव्या ने कहा कि यह परिणाम उनके निरंतर परिश्रम और मार्गदर्शन का फल है। वे भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर रहेंगी। दिव्या की माता रामेश्वरी वर्मा और पिता तिलक राम वर्मा ने बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह क्षण उनके लिए गर्व का विषय है। परिवारजनों और मित्रों ने भी दिव्या को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

#### लिलम ने हासिल किए 92.33 प्रतिशत अंक



**पलारी।** नगर पंचायत रोहांसी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के कक्षा दसवी की छात्रा लिलम मानिकपुरी 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इस प्रदर्शन से परिवार तथा विद्यालय गौरवान्वित है। वे इस सफलता का श्रेय मां चन्द्रिका मानिकपुरी, पिता नेपाल दास मानिकपुरी तथा गुरूजनों को दिया है।

## ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने खम्हरिया में लगा समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर




जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के आश्रित ग्राम पंचायत मुख्यालय खम्हरिया में शासन के आदेशानुसार समाधान शिविर का आयोजित किया गया। इसमें मंडल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे। अपनी समस्या का समाधान करने लोग बड़ी संख्या में पहुंचे, जिससे पंडाल गर्मी में पूरा भरा रहा।

लोगों से चर्चा के दौरान बताया कि शुद्ध पेयजल एवं कूलर की व्यवस्था नहीं है। ज्ञात हो की उक्त शिविर में 15 पंचायत के नागरिक उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक प्रधान ने लिखित में अवगत कराया कि सुशासन तिहार में 2464 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 2002 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विभाग का था।

## सालभर से लंबित राजस्व प्रकरणों का 30 जून तक होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए एक वर्ष से अधिक समय तक लंबित प्रकरणों का निराकरण 30 जून तक करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग प्रकरणों के निराकरण में सुधाऱ लाए, एक साल से अधिक समय तक कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। सभी एसडीएम तहसीलदारों के कार्यों का कड़ाई से निगरानी रखें और प्रकारण का निराकरण कराएं। हर सप्ताह निराकरण का रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सभी शिक़ायतों का विधिवत जांच कराकर सम्बधित पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शिकायत पर कार्रवाई में किसी भी अधिकारी -कर्मचारी को संरक्षण ने दें अन्यथा संरक्षण करने वाले अधिकारी पर भी करवाई हो सकती है।

कलेक्टर ने समाधान शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथासम्भव मौक़े पर ही निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही सामाधान शिविरों में 3-4 हेल्पडेस्क की व्यवस्था के भी निर्देश दिये ताकि ग्रामीणों को जानकारी तत्काल मिल सके।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएमश्री स्कूल में टॉपर छात्र-छात्राओं को हुआ सम्मान, 40 छात्र पुरस्कृत





**कसडोल।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल कसडोल में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इस दौरान हायर और हाई स्कूल में टॉपर 40 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं का भी उत्कृष्ट कार्य पर सर्टिफिकेट देकर सम्मान दिया गया। विदित हो कि पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के 12वी के छात्र हिमेश यादव ने प्रदेश में चौथे स्थान लाकर स्कूल सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया था। इसके अलावा 10वीं के तकरीबन 19 छात्र पूरे प्रदेश में 90 प्रतिशत से ऊपर नंबर हासिल किया है, जिसपर पीएमश्री आत्मानन्द स्कूल कसडोल का नाम प्रदेश स्तर पर है, इसके अलावा स्कूल प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट बच्चों को शील्ड, मैडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया। इस दौरान नगर पंचायत कसडोल के जनप्रतिनिधियों सहित स्कूल टीचर सहित पालक और बच्वें मौजूद रहें।

## बोर खराब, पानी के लिए मची मारामारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

ग्राम पंचायत भद्रापाली में सात दिनों से बोर खराब होने के कारण पानी के लिए मारीमारी मची है। वार्ड के पंच भी मोहल्लेवासियों की परेशानियों को दूर करने पंचायत में अवगत करा चुके हैं, लेकिन उसके बाद भी अब तक इस दिशा में कोई भी कोशिश नहीं की जा सकी है। लिहाजा लोगों को मजबूरन पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। विदित हो कि मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति के नाम पर सिर्फ एक सार्वजनिक नल ही है, जो पिछले एक सप्ताह से बंद है। बताया जाता है कि ढलान पर स्थित मकानों में तो पानी मिल भी जाता था, लेकिन ऊपर की ओर बस लोगों तक प्रेशर नहीं होने से पानी दो महीने से नहीं पहुंच पा रहा है।

लोग लगातार अपनी परेशानियों को दूर करने ग्राम पंचायत के दरवाजे खटखटाने में लगे हैं, लेकिन अधिकारी आश्वासन ही देने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ भूजल भी नीचे गिरने लगेगा। ग्राम के दौलत वर्मा ने कहा एक सप्ताह से पानी की सप्लाई बंद है, लेकिन उसके बाद भी वे कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत भद्रापाली के सरपंच प्रतिनिधि देव वर्मा कहना है कि बोर को बनवाने के लिए पीएचक्यू को कहा गया है। उप सरपंच दुलेश्वर वर्मा ने कहा पिछले कार्यकाल से पूरा बोर खराब पड़ा हुआ है। बनाने के लिए बोला गया है।

भरत देवांगन स्कूल के छात्रों ने ग्रीष्मकालीन शिविर में साइबर खतरों से बचने के जाने उपाए

## डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्रों ने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, रायपुर द्वारा आयोजित साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी रोकथाम पर एक दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को साइबर खतरों और वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के प्रति जागरूक करना था।

यह सत्र भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के प्रबंधक चंदेश सोनी के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रबंधक अमरेन्द्र गुप्ता की देखरेख में आयोजित किया गया। यह जानकारीपूर्ण और संवादात्मक सत्र छात्रों को डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करता है।

विद्यालय की ओर से प्रतिभागियों में नेतृत्व निषाद, पल्लवी सोनकर, वेद कुमार पटेल, और यशवंत देवांगन शामिल थे। उन्हें भौतिकी प्रवक्ता पारुल पांडेय ने साथ दिया। विद्यालय की इस भागीदारी को प्राचार्य रजनी मिन्ज और हरीश देवांगन के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संभव बनाया गया।

शिविर में साइबर सुरक्षा का महत्व और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के उपाय। भारतीय रिज़र्व बैंक की भूमिका और कार्य। असली भारतीय मुद्रा की पहचान करने के तरीके। बैंकिंग उपकरण और तकनीकों जैसे माइक्रो एटीएम मशीन, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन (NPC), डेबिट और क्रेडिट कार्ड का अवलोकन। डिजिटल फंड ट्रांसफर सिस्टम जैसे RTGS, NEFT, IMPS। पॉजीटिव पे सिस्टम और डिजिटल लेनदेन में




क्यूआर कोड का उपयोग

इसके अतिरिक्त, श्री सोनी ने विभिन्न प्रकार की वित्तीय और साइबर धोखाधड़ी के बारे में बताया, जैसे- कार्ड स्किमिंग, अमेज़न फिशिंग लिंक, वॉइस फिशिंग, रिमोट एक्सेस धोखाधड़ी, सिम स्वैप धोखाधड़ी, मनी म्यूल स्कीम्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी जैसे मुख्य बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित रहा।

इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल वित्तीय व्यवहारों और साइबर खतरों के प्रति अधिक सतर्क और जागरूक बनाना था। प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया, जिससे उन्हें साइबर सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। ऐसे प्रयास छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्वक आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411